पत्रांक-1/स्था० (विविध)-01/2009 ..............

**बिहार सरकार,**

**निगरानी विभाग**

**सूचना भवन, पटना ।**

प्रेषक,

वी० के० वर्मा,

प्रधान सचिव ।

सेवा में,

**प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार पटना ।**

**प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना ।**

**प्रधान सचि, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार पटना ।**

**सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना ।**

**सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना ।**

**सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना ।**

**सचिव, जल संसाधान विभाग, बिहार पटना ।**

**सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार पटना ।**

**सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार पटना ।**

पटना, दिनांक : ..........................

विषय :- **निविदा का प्रकाशन एवं निविदा प्रपत्रों की बिक्री सरकारी वेबसाईट/विभागीय वेबसाईट पर करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में बिहार वित्तीय संशोधन नियमावली 2005 के नियम-131 (ज०) में 25,00,000/- (पच्चीस लाख) एवं इससे अधिक आकलित मूल्य की सामग्रियों की अधिप्राप्ति के लिए विज्ञापन द्वारा निविदा आमंत्रण के संबंध में नियम 131 (ज०)/(II) में अंकित दिशानिर्देश के अनुसार :-

''कोई संगठन जिसका अपना वेबसाईट हो उस पर वह अपने सभी विज्ञापित निविदा पूछताछ को भी प्रकाशित करेगी एवं राष्ट्रीय सूचना केन्द्र वेबसाईट के साथ लिंक मुहैया करायेगी। उसे आई० टी० जे० एवं समाचार पत्र के विज्ञापनों में अपने वेबसाईट का पता भी देना चाहिए।''

उक्त नियम के कंडिका (III) के अनुसार :-

''संगठन को अपने वेबसाईट में समुची विडींग दस्तावेज को पोस्ट करना चाहिए एवं संबंधित बोलीकर्त्ताओं को वेबसाईट से दस्तावेज डाउन लोड कर उपयोग करने की अनुमति देनी चाहिए। यदि डाउन लोडेड की कोई कीमत हो तो बोली के साथ डिमांड ड्राफ्ट अधिकारी द्वारा राशि के भुगतान हेतु बोलीकर्त्ता का स्पष्ट बताया जाना चाहिए।

कई विभागों द्वारा निविदा आमंत्रण में यह लिखा रहता है कि सूचना एवं जन संपर्क विभाग के वेबसाईट पर

निविद से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है, परन्तु विभागीय वेबसाईट का जिक्र आमंत्रण सूचना में नहीं रहता है। जहाँ तक निविदा दस्तावेज के डाउन लोड कर उपयोग में लाने का विकल्प है इसकी सूचना नहीं रहती है। इससे अनेकों प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है कि निविदा कागजात कार्यालय द्वारा निर्गत नहीं किया गया या निविदा कागजात लूट लिया गया।

वर्णित तथ्यों के आलोक में निविदाकारी के बीच उचित प्रतिस्पर्धा हेतु यह सुझाव है कि कार्य विभागों द्वारा निकाली गयी निविदाओं की सूचना विभागीय वेबसाईट पर भी उपलब्ध रहनी चाहिए, साथ ही समूची विडिंग दस्तावेज (परिणाम विपत्र) को भी वेबसाईट पर पोस्ट कर देना चाहिए जिससे कि संवेदक/बोलीकर्त्ता वेबसाईट से निविदा दस्तावेज डाउन लोड कर बैंक ड्राफ्ट के द्वारा निर्धारित परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न कर निविदा में भाग ले सकें।

विश्वासभाजन,

(वी० के० वर्मा)
प्रधान सचिव ।

ज्ञापांक – 50 /पटना, दिनांक – 21.01.09

प्रतिलिपि – सभी प्रधान सचिव/सचिव (कार्य विभागों को छोड़कर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(वी० के० वर्मा)
प्रधान सचिव ।